DON BOSCO ARTS AND SCIENCE COLLEGE LIBRARY

K21U 3499

II Semester B.C.A./B.S.W./B.Sc. (L.R.P.) Degree (CBCSS – OBE-Sup./Imp.) Examination, April 2021
(2019 Admission Only)
Additional Common Course in Hindi
2A08 – 2HIN : SAHITHYA AUR PRAYOG

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

1) 'यह सच है' कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर विचार कीजिए ।

2) 'पंचलाइट' कहानी का सारांश लिखकर उसके उद्देश्य पर अपना विचार लिखिए ।

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (2×5=10)

3) कानपुर वूलन मिल्स कं. को ऊनी कपड़ों के भावों के विषय में पूछ ताछ का पत्र लिखिए । आवश्यक ब्यौरा अपनी ओर से दें ।

4) भगतजी एण्ड संस, नागपुर को आप स्मरण-पत्र भेजकर भुगतान भेजने की याद दिलाते रहे हैं । उनसे भुगतान स्मरण-पत्र भेजने पर भी प्राप्त नहीं हुआ है । अब उनको यथाशीघ्र भुगतान भेजने के लिए अंतिम पत्र लिखिये, ताकि वैधानिक कार्यवाही न करनी पड़े ।

5) आपने अपनी दुकान में श्रृंगार-प्रसाधनों का एक नया विभाग खोला है । अपने ग्राहकों को इसकी सूचना देते हुए एक पत्र लिखिये ।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×5=5)

6) अपने एक पसंदीदा खिलाड़ी के साथ संभावित वार्तालाप तैयार कीजिए ।

7) कॉलेज की आगामी प्रवृत्तियों के बारे में अपने प्राचार्य के साथ संभावित वार्तालाप तैयार कीजिए ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4×1=4)

8) भाववाचक संज्ञा क्या है ? उदाहरण लिखिए ।

9) विशेषण की परिभाषा लिखकर उसके भेद बताइए ।

10) कारक क्या है ? उसके कितने प्रकार हैं ? नाम लिखिए ।

11) सर्वनाम की परिभाषा लिखकर उसके भेद बताइए ।

V. मुहावरे और कहावतों का सही अर्थ लिखिए । (5x1=5)

12) ईद का चाँद होना ।

13) श्रीगणेश करना ।

14) छोटे मुँह बडी बात ।

15) न रहे बाँस न बजे बाँसुरी ।

16) रास्ते पर आना ।

VI. किसी एक खंड का अंग्रेज़ी या मलयालम में अनुवाद कीजिए । (5x1=5)

17) साल का पहला दिन है । जो वर्ष कल तक था वह सदा के लिए चला गया है । अब यह वापस नहीं आएगा । काल अनन्त है । समय का प्रवाह अजस्र है, निरन्तर है । पिछला साल बीत गया । अब नया साल चालू हुआ । लेकिन बीच में जोड़ दिखाई नहीं पड़ता है । जलधार की तरह ही समय की धारा है । नदी बहकर अनन्त समुद्र में विलीन हो गया और नया साल शुरु हो गया । दिन, रात, पक्ष, मास और साल तो माप हैं । समय के नापने के पैमाने हैं । दिन और रात छोटे-बड़े हो सकते हैं अर्थात् माप छोटा-बड़ा हो सकता है लेकिन मापी जाने वाली चीज़ तो छोटी-बड़ी नहीं होती है । समय अनन्त है, अक्षय है ।

18) महात्मा बुद्ध का जन्म २५०० वर्ष पूर्व हुआ था । वे अहिंसा के महान प्रचारक थे । उनका कहना था कि सबके प्रति दयालु रहना हमारा कर्त्तव्य है । एक दिन उन्होंने एक वृद्ध मनुष्य को देखा । तत्पश्चात् उन्होंने एक मृत व्यक्ति को देखा । इस पर उन्हें हार्दिक वेदना हुई । उन्होंने अपना गृह त्याग दिया और तपस्या के लिए वनों में चले गये । वे वहाँ छ: वर्ष तक रहे और अन्त में एक दिन उन्हें अपनी इच्छित वस्तु प्राप्त हो गयी । उस दिन से वे बुद्ध कहलाये । उन्होंने 'बौद्ध धर्म' नामक एक नये धर्म प्रचार भी किया ।

VII. प्रस्तुत अवतरण पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4x1=4)

19) राधामणी इस कक्षा की सबसे लम्बी लडकी है । वह रोज शाम को बगीचे में टहलने जाती है । उसका घर दिल्ली में है । दिल्ली एक शान्त शहर है । राधामणी पहले मुम्बई में पढ़ती थी । अगले साल अपने पिताजी के साथ वह कानपुर जाएगी ।

1) इस अवतरण से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए ।

2) सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए ।

3) विशेषण शब्द लिखिए ।

4) वर्तमान, भूत और भविष्यत काल के क्रिया शब्दों को अलग अलग चुनकर लिखिए ।